तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 26. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 14 अप्रैल 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

स्थानीय एवं अनुभवी वाहन चालकों को रोजगार में मिले प्राथमिकता : जयसिंह

2



## खबर संक्षेप

### अंबेडकर जयंती के अवसर पर शोभायात्रा का आयोजन आज

**अकलतरा।** बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के 135 वीं जयंती पर 14 अप्रैल को डॉ आंबेडकर विचार युवा संगठन के तत्वाधान में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। शोभा यात्रा दोपहर 3 बजे मिनी माता मंगल भवन से प्रारंभ होकर गुरु घासीदास चौक, बजरंग चौक ,मस्जिद मोहल्ला, स्टेशन रोड ,सब्जी मार्केट, शास्त्री चौक, आजाद चौक होते हुए अंबेडकर चौक पहुंचेगी। डॉक्टर अंबेडकर विचार युवा संगठन के संगठन प्रभारी विकास भारद्वाज ने शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना अंतर्गत 20 तक आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना के अंतर्गत मई में राज्य में वृहद कन्या विवाह समारोह का आयोजन कराया जाना प्रस्तावित है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि जिस हेतु कन्या विवाह हेतु जिले के इच्छुक जाड़े से 20 अप्रैल तक आवेदन आवेदन आमंत्रित किया गया है। योजना हेतु पात्रता की शर्तो अनुसार कन्या की आयु 18 वर्ष एवं वर की आयु 21 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है। एक परिवार की अधिकतम दो बेटियों द्वारा इस योजना का लाभ लिया जा सकता है। दस्तावेज में आधार कार्ड, निवास प्रमाण-पत्र, बैंक पासबुक, आयु सत्यापन हेतु पांचवी, आठवीं अथवा दसवीं कक्षा के प्रमाणपत्र की छायाप्रति संलग्ल करना अनिवार्य है। आवेदक संबंधित परियोजना कार्यालय में 20 अप्रैल सायं 5 बजे तक आवेदन कर सकते हैं।

### आईटीआई में 16 को प्लेसमेंट कैंप का होगा आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जांजगीर-चांपा द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 16 अप्रैल गुरुवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आई.टी.आई. जांजगीर में एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में निजी क्षेत्र के नियोजक श्रम इन टैलेण्ट प्रा.लि. नोयडा उपस्थित रहेगें। कंपनी द्वारा इलेक्ट्रीक मीटर टेक्निशियन के 300 पद पर भर्ती की जायेगी। उक्त पदों हेतु शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं, आईटीआई, स्नातक एवं डिप्लोमा निर्धारित किया गया है। कंपनी द्वारा वेतनमान 15000-18000 रुपए दिया जावेगा। प्लेसमेंट कैंप में भाग लेने वाले इच्छुक आवेदक अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के साथ व जिला रोजगार कार्यालय का रोजगार पंजीयन कार्ड की छायाप्रति लाना अनिवार्य है।

### आईटीआई सारागांव में मेहमान प्रवक्ता के लिए आवेदन 20 तक

**जांजगीर-चांपा।** नोडल संस्था औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था जांजगीर चाम्पा के अंतर्गत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सारागांव में संचालित व्यवसाय वर्कशॉप कैलकुलेशन एवं इंजीनियरिंग ड्राइंग के प्रशिक्षण कार्य पूर्ण कराये जाने के लिए प्रशिक्षण सत्र 2026-27 हेतु मेहमान प्रवक्ता के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। प्राचार्य व नोडल अधिकारी शास.औ.प्रशि. संस्था जांजगीर ने बताया कि आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में 20 अप्रैल तक सायं 5 बजे तक स्वयं उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत व स्पीड पोस्ट द्वारा आवेदन पत्र औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था जांजगीर में जमा किए जा सकते है। पदो की जानकारी शैक्षणिक योग्यता व तकनीकी योग्यताएं एवं निर्धारित मापदण्ड की विस्तृत जानकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था जांजगीर व सारगांव के सूचना पटल एवं जांजगीर जिले के वेबसाईट पर प्राप्त की जा सकती है।

---

लॉटरी सिस्टम से होगा एडमिशन, 17 तक चलेगी प्रक्रिया

# आरटीई में प्रवेश के लिए मारामारी निर्धारित सीट से दोगुने आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश पाने मारामारी शुरू हो गई है। जिले की 722 सीटों के लिए 1409 आवेदन प्राप्त हुए हैं। ऐसे में अब पात्रता के अनुसार बच्चों को निजी स्कूलों में प्रवेश कराने के लिए लॉटरी सिस्टम अपनाई जा रही है। लॉटरी की यह प्रक्रिया 12 अप्रैल को शुरू हुई है जो 17 अप्रैल तक चलेगी।

गौरतलब है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत गरीब एवं पात्र बच्चों को निजी स्कूलों में प्रवेश दिया जाना रहता है ताकि बच्चे भी अन्य बच्चों की तरह बड़े निजी स्कूलों में पढ़ाई कर सके। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत जांजगीर चांपा जिले के पांच ब्लाक अंतर्गत 722 सीट पर गरीब एवं पात्र बच्चों को भर्ती किया जाना है। इसके लिए अभिभावकों ने ऑनलाइन आवेदन जमा किए। आरटीई में बच्चों को निजी स्कूलों में प्रवेश दिलाने 1409 आवेदन जमा हुए। इनमें से जांच के उपरांत 1023 आवेदन सही पाए गए हैं वहीं करीब 386 आवेदन में त्रुटि पाई गई। कुल मिलाकर देखा जाए तो जितनी सीट आरक्षित है उसके हिसाब से दोगुने आवेदन प्राप्त हुए। अब बच्चों का दाखिल कराने लॉटरी की प्रक्रिया 12 अप्रैल से शुरू की गई है जो 17 अप्रैल तक चलेगी। खास बात यह है कि इस बार नर्सरी एवं केजी वन के बच्चों को निजी स्कूलों में प्रवेश नहीं मिलेगा इस तरह का निर्णय राज्य शासन से लिया गया है । ऐसे में एक और जहां पहले जांजगीर चांपा जिले में शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत करीब 5000 सीट आरक्षित हुआ करती थी वह घटकर अब 722 पर आ गई है । ऐसे में निजी स्कूलों में प्रवेश को लेकर मारामारी चल रही है । गरीब वर्ग से आने वाले अभिभावक अपने बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ना तो चाहते हैं लेकिन नियमों ऐसा है कि वह चाह कर भी बच्चों को प्रवेश नहीं दिला पा रहे हैं। राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा इसके लिए करोड़ों रुपया खर्च किया जा रहा है। वहीं व्यापक रूप से प्रचार प्रसार भी किया जाता है। वही शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी प्रचार प्रसार को लेकर काम करते हैं वहीं दूसरी ओर सीटों की संख्या कम होने के बाद कई अभिभावक अपने बच्चों को चाह कर भी निजी स्कूलों में एडमिशन नहीं दिला पा रहे हैं। जांजगीर चांपा जिले के 5 ब्लाक अंतर्गत 450 से अधिक निजी स्कूलों का संचालन किया जा रहा है। पहले की अपेक्षा निजी स्कूलों की संख्या भी धीरे-धीरे कम होती जा रही है। ऊपर से निर्धारित सीटों की संख्या भी कम होने के बाद दिक्कतें और भी बढ़ गई है।



### राशि के लिए इंतजार कर रहे संचालक

जिले में 450 से अधिक निजी स्कूलों का संचालन किया जा रहा है। गरीब बच्चों को पढ़ने के बदले सरकार द्वारा निजी स्कूल संचालकों को राशि प्रदान की जाती है, लेकिन किस राशि को पाने के लिए संचालकों को साल भर इंतजार भी करना पड़ता है। शासन से राशि जारी होने के बाद ही निजी स्कूल संचालकों को भुगतान मिल पाता है। इसे लेकर संचालक कई बार अधिकारियों को फरियाद भी लगते हैं। जांजगीर चांपा जिले के पामगढ़, अकलतरा, नवागढ़, बूलौदा एवं बम्हनीडीह ब्लाक में बडे पैमाने पर निजी स्कूलों का संचालन किया जा रहा है। वहीं इन निजी स्कूलों के 25 प्रतिशत आरक्षित सीट पर गरीब बच्चों को उनके पात्रता के अनुसार एडमिशन दिया जाना रहता है, ताकि गरीब बच्चे भी निजी स्कूलों में पढ लिख सके। वहीं इस बार सीट कम होने से अभिभावकों की दिक्कतें बढ़ गई है। इसके अलावा जो निजी स्कूल संचालक गरीब बच्चों को निःशुल्क पढ़ाते है, उन्हें भी अपनी राशि पाने के लिए साल भर तक इंतजार भी करना पड़ता है।

### कम हुई सीट

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत 722 सीट के लिए 1400 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। पहले की अपेक्षा सीट कम हुई है। शासन के आदेश के मुताबिक आगे की कार्यवाही होगी।

-अशोक कुमार सिन्हा,
डीईओ
जांजगीर चांपा

---

# मॉर्निंग वॉक पर निकले अधेड़ की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत

## बिर्रा के देवांगन तालाब के पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

सुबह टहलने निकले अधेड़ को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। वहीं भीड़ को नियंत्रित किया और भीड़ की स्थिति को देखते हुए पुलिस बलों की तैनात की गई। मामले को लेकर पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी मदद ले रही है। घटना बिर्रा के देवांगन तालाब के पास की है।

इस संबंध में बिर्रा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना सोमवार 13 अप्रैल की सुबह 5 बजे की है। हादसा बिर्रा थाना क्षेत्र के चांपा-बिर्रा राज्य मार्ग पर देवांगन तालाब बिर्रा के पास हुआ, जहां पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने एक राहगीर को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गई है। मृतक की पहचान बिर्रा निवासी चौटी लाल पटेल के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि चौटी लाल पटेल रोज की तरह सुबह करीब 5 बजे टहलने के लिए घर से निकले थे। इसी दौरान जब वे देवांगन तालाब बिर्रा के पास पहुंचे थे। तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि मौके पर ही उनकी मौत हो गई और शरीर बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया। सुबह के समय जब स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क किनारे शव देखा तो इलाके में हड़कंप मच गया। तुरंत इस घटना की सूचना बिर्रा थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। जिसके बाद परिवार में शोक का माहौल है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि दुर्घटना किसी अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मारने से हुई है। हालांकि, वाहन और चालक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद पुलिस आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि हादसे में शामिल वाहन की पहचान की जा सके। इसके अलावा स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है, जिससे घटना से जुड़े सुराग मिल सकें। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर सुबह के समय अक्सर लोग टहलने के लिए निकलते हैं, लेकिन तेज रफ्तार वाहनों के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। उन्होंने प्रशासन से इस मार्ग पर गति नियंत्रण और सुरक्षा उपाय बढ़ाने की मांग की है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही आरोपी वाहन चालक का पता लगाकर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की जांच जारी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का भी इंतजार किया जा रहा है। यह घटना एक बार फिर सड़क सुरक्षा और तेज रफ्तार वाहनों के खतरे को उजागर करती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क पर निगरानी बढ़ाने और हादसों को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।



घटना स्थल पर जुटी लोगों की भीड।

---

# रेल संघर्ष की बैठक में मुंबई मेल आजाद हिंद के स्टॉपेज की मांग



बैठक में चर्चा करते नगरवासी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

स्थानीय रेस्ट हाउस में रेल संघर्ष समिति एवं नगर वासियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुंबई मेल तथा आजाद हिंद के स्टापेज सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

ढाई वर्ष पहले हुए आंदोलनों के बाद मुंबई मेल तथा आजाद हिंद ट्रेनों के लिए रेलवे से लिखित में बनी सहमति के बावजूद ट्रेनों के स्टॉपेज की दिशा में कोई प्रगति नहीं होने के खिलाफ क्षेत्रवासियों में गहरी नाराजगी है। प्रस्ताव की अन्य मांगों में इंदौर एक्सप्रेस को कोरबा या रायगढ़ तक विस्तारित करने,लाइन उस पार पोड़ी भाटा रोड के किनारे पक्की नाली बनाने, रेक प्वाइंट में पानी का छिड़काव करने,अंडर पास बनाने,मुख्य टिकिट काउंटर की तरह लाइन उस पार भी नया टिकिट काउंटर खोलने तथा नैला साइड की ओर प्लेटफॉर्म नं एक दो तथा तीन चार को जोड़ने हेतु निर्माणाधीन फुट ओवर ब्रिज तथा लिफ्ट के कामों में तेजी लाने आदि मांगें शामिल हैं। मांगों को शीघ्र पूरा करवाने के लिए डीआरएम से चर्चा करने हेतु एक डेलिगेशन बिलासपुर भेजने का भी निर्णय लिया गया। इनके अलावा समिति की अन्य मांगों-प्लेटफॉर्म नं एक एवं दो को लंबा करने, फुट ओवर ब्रिज बनाने तथा लिफ्ट लगाने का कार्य प्रारंभ करने की मांग शामिल हैं। बैठक में लक्षण मुकीम, रमेंद्र सिंह, सतीश दिवान, महेश बनाफर, देवेंद्र जैन, इमरान खान, संतोष अग्रवाल, रोहित सारथी, नवल अग्रवाल, सुशील जैन, रविन्द्र सिंह, गोवर्धन साहू, योगेन्द्र प्रताप सिंह, सौरभ जैन उपस्थित रहे।

### रामलला दर्शन के लिए 37 श्रद्धालुओं का दल अयोध्या धाम के लिए होगी रवाना

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर प्रारंभ की गई "श्री रामलला दर्शन (अयोध्याधाम) योजना" के अंतर्गत प्रदेश के श्रद्धालुओं को निःशुल्क अयोध्या धाम में प्रभु श्री रामलला के दर्शन का अवसर प्रदान किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत विशेष ट्रेन द्वारा प्रत्येक जिले से चयनित श्रद्धालुओं को सुविधाजनक यात्रा कराई जा रही है। इसी क्रम में 15 अप्रैल को सक्ती जिले से 37 श्रद्धालुओं के दल को बिलासपुर स्टेशन से रवाना किया जाएगा। जिसमे नोडल अधिकारी, कार्यालय कलेक्टर सक्ती जलेश्वर राठौर को नियुक्त किया गया है। श्रद्धालुओं का दल बुधवार 15 अप्रैल को स्पेशल ट्रेन से रवाना होगी।

## दलहन तिलहन की खरीदी...



**सक्ती।** पीएम आशा योजना के तहत रबी फसल के दलहन तिलहन की खरीदी का शुभारंभ सेवा सहकारी समिति रगजा में किया गया। इस दौरान 7 किसानों से 28 क्विंटल सरसों का उपार्जन हुआ। पीएम आशा योजना का उददेश्य किसानों के फसल का उचित मूल्य सुनिश्चित कर एनएसपी का लाभ दिलाना है। यह योजना मुख्य रूप से दलहन तिलहन उत्पादकों के लिए है।

### बिना फार्मर आईडी नहीं मिलेगा खाद किसानों को जल्द पंजीयन कराने की अपील

**सक्ती।** खरीफ सीजन में खाद की बिक्री में पारदर्शिता लाने और सब्सिडी का लाभ सीधे सही किसानों तक पहुंचाने के लिए एग्रीस्टेक योजना अंतर्गत किसानों के लिए फार्मर आईडी को अनिवार्य कर दिया गया है। फार्मर आईडी किसान की एक डिजिटल पहचान है, जो केंद्र और राज्य सरकार के साझा प्रयास एग्रीस्टेक के तहत तैयार की जाती है। भू-अभिलेख के अनुसार भूमि का विवरण लिंक होता है। शासन ने किसानों को शत-प्रतिशत पहचान पत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इसका उद्देश्य बिचौलियों पर नियंत्रण करना, खाद की कालाबाजारी को रोकना तथा वास्तविक किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराना है।

### सहकारी समितियों में बैंक शेयर राशि के जांच की मांग

**जांजगीर-चांपा।** जिले की सेवा सहकारी समितियों में बैंक शेयर राशि के दुरुपयोग एवं भ्रष्टाचार की शिकायत सहकार भारती के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र केशरवानी ने राज्यपाल समेत वरिष्ठ अधिकारियों से की है। शिकायत पत्र में शैलेन्द्र का आरोप है कि जिले में सहकारी संस्थाओं के लिए जारी शासन की प्रोत्साहन राशि और किसानों की शेयर राशि का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग हो रहा है। समितियों द्वारा बिना वैध जीएसटी नंबर वाली संस्थाओं से लेनदेन दिखाकर फर्जी बिलों के आधार पर शासन की राशि का आहरण और बिना उचित दस्तावेजों के समितियों के खातों और किसानों की जमा शेयर राशि की अवैध निकासी करने का आरोप लगाया गया है। मामले की शिकायत राज्यपाल के अलावा मुख्यमंत्री, कलेक्टर व संयुक्त पंजीयक सहकारिता विभाग बिलासपुर से करते हुए जांच व कार्रवाई की मांग की गई है।

# 10 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

दस लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला नवागढ़ थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में नवागढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जिले में अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। मुखबिर के माध्यम से पुलिस को क्षेत्र में कच्ची महुआ शराब की बिक्री होने की जानकारी मिल रही थी। इसी क्रम में थाना नवागढ़ पुलिस द्वारा 13 अप्रैल को मुखबिर सूचना पर ग्रा1म मिसदा में रेड कार्यवाही की गई। इस दौरान पुलिस ने आरोपी हेमलाल कश्यप उम्र 35 साल निवासी मिसदा थाना नवागढ़ को अवैध शराब के साथ पकड़ा। उसके कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची महुआ कीमती 2 हजार रुपए को बरामद कर आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कार्यवाही में निरीक्षक कमलेश शेन्डे थाना प्रभारी नवागढ़ एवं थाना स्टाफ का योगदान रहा।

---

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत चलाया जा रहा अभियान

# अफसरों ने दबिश देकर की शीतल पेय पदार्थों की जांच, सेंपल लेकर भेजा प्रयोगशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

गर्मी बढने के साथ शीतल पेय पदार्थो की मांग बढ़ गई है। इसे लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा संस्थानों में दबिश देकर पदार्थो का सेंपल लेकर उसे जांच के लिए प्रयोगशाला रायपुर भेजा जा रहा है।

ज्ञात हो कि इन दिनों सूरज की किरणें लोगों को तपा रही है। मौसम का तापमान अधिकतम लगभग 40 डिग्री तक पहुंच गया है। वहीं लोग गर्मी से बचने के लिए शीतल पेय पदार्थो का सेवन कर रहे है। व्यापारी द्वारा चंद मुनाफा के लिए स्तरहीन सामग्री का उपयोग करते है। जिसे लेकर कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशनुसार तथा आयुक्त खाद्य संरक्षण, खाद्य एवं औषधि प्रशासन दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में गर्मी मौसम को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत विशेष जाँच निरीक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है। गर्मी के मौसम में पैक्ड पानी पाउच, पैक्ड पानी बोतल, आइसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक्स, सॉफ्ट ड्रिंक एवं आइस कैंडी जैसे पेय एवं खाद्य पदार्थों का उपयोग आमजन द्वारा अधिक मात्रा में किया जाता है। इसे ध्यान में रखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं अभिहित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा जिला सक्ती के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा सघन जांच एवं निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान विकासखंड सक्ती अंतर्गत ग्राम टेमर में रोड के पास मेसर्स मां चंद्रहासिनी जूस सेंटर से आम जूस का नमूना लिया गया, चौपाटी के पास से मेसर्स टंडन गन्ना जूस सेंटर से गन्ना जूस का नमूना लिया गया एवं सक्ती में मेसर्स अवि ट्रेडर्स से कैम्पा लेमन फ्लेवर कार्बोनेटेड ड्रिंक, कैम्पा ऑरेंज फ्लेवर कार्बोनेटेड ड्रिंक, सनक्रश मैंगो ड्रिंक, रस किक मैंगो ब्लिस ड्रिंक, माजा मैंगो ड्रिंक का नमूना लिया गया। साथ ही गन्ना रस एवं जूस सेंटर विक्रेता को हेड कवर एवं हैंड ग्लव भी दिए। साथ ही साथ साफ सफाई रखने के निर्देश भी दिए। इस संबंध में आगे की कार्यवाही विभाग द्वारा की जा रही है।




शीतल पेय पदार्थ की दुकान का निरीक्षण करने पहुंचे अफसर।

# पीडब्ल्यूडी के रेस्ट हाउस में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

बम्हनीडीह में संचालित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा बना रहता है। वहीं बगैर अनुमति के लोग यहां आवाजाही भी करते रहते है। इसे लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी दिख रही है।

जनपद पंचायत बम्हनीडी में बस स्टैण्ड के पास लोक निर्माण विभाग का रेस्ट हाउस बना हुआ है, ताकि समय के अनुसार बडे जनप्रतिनिधि एंव अफसर ठहर सके, लेकिन विडंबना यह है कि इस रेस्ट हाउस में आए दिन आसामाजिक तत्वों का जमावड़ा बना रहता है। वहीं आने जाने वाले लोगों की समुचित जानकार भी रजिस्टर में एंट्री नहीं की जाती है। इस पर कार्रवाई नहीं होने से ऐसे लोगों के हौसले बुलंद होते जा रहे है। जहां शासकीय उपयोग के लिए बनाए गए इस परिसर का खुलेआम दुरुपयोग किया जा रहा है।

### किया गया है मना

शिकायत मिली थी, जिस पर वहां बेवजह बैठने वाले व्यक्तियों को मना किया जा चुका है पर वह बात नहीं मान रहे हैं। हमारा काम केवल रख रखाव का है रेस्ट हाउस राजस्व विभाग के अधिकारी देखते हैं।

-दिनेश धुर्वे
एसडीओ, लोक निर्माण विभाग चाम्पा

## खबर संक्षेप



### सांसद ज्योत्सना महंत का हुआ स्वागत

**गेवरा दीपका।** लोकसभा की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत के अल्प प्रवास पर तिवरता शारदा फ्यूल में सांसद प्रतिनिधि एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर पोषक महंत के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान, सांसद प्रतिनिधि शेत मसीह, तिवरता शारदा फ्यूल संचालक चैतन्य कुशल मनहर, इतवारी महंत, मुकेश पटेल, चुनेश महंत, अनिल पटेल आदि उपस्थित रहे।

### किसान सभा ने मनाया स्थापना दिवस




**कोरबा।** अखिल भारतीय किसान सभा के 91वां स्थापना दिवस पर जिले में किसान सभा का झंडा फहराते हुए सदस्यता अभियान शुरू किया गया। भूविस्थापितों, किसानों को उनके अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष तेज करने का संकल्प भी किसान सभा के कार्यकर्ताओं ने लिया। किसान सभा के अध्यक्ष जवाहर सिंह कंवर ने स्थापना दिवस पर सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज संपूर्ण देश के साथ जिले में किसान सभा जो अखिल भारतीय किसान सभा से संबंध है, जिले में संघर्ष का प्रतीक बन गया है। किसान सभा ने हर गांव में किसान सभा, किसान सभा में हर किसान का नारा दिया है। किसान सभा के जिला सचिव दीपक साहू ने कहा कि किसान सभा के कार्यकर्ता गांव गांव जाकर सदस्यता करते हुए स्थापना दिवस मना रहे हैं 11 से 30 अप्रैल तक विशेष सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। किसानों को किसान सभा में जोड़ने के साथ किसानों के साथ समस्याओं पर चर्चा कर आगे आंदोलन की रूपरेखा भी बनाई जाएगी। किसान सभा के प्रदेश संयुक्त सचिव प्रशांत झा ने कहा कि जन संघर्षों को संगठित किए बिना संगठन का निर्माण नहीं किया जा सकता और बिना संघर्ष के संगठन भी नहीं बनाया जा सकता। संगठन जितना मजबूत होगा। जन संघर्षों के विस्तार भी उतनी ही तेजी से होगा।

### सरकार की हर योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे : ज्योतिनंद




**दीपका।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर चल रहे सेवा सप्ताह के अंतर्गत गांव चलो, घर चलो अभियान के तहत भाजपा मंडल दीपका द्वारा ग्राम विजय नगर में व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छग खाद्य के पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा मुंगेली जिला प्रभारी ज्योति नंद दुबे शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ते हुए उनका अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उनके अनुभव और सुझाव भी सुने गए, जिससे योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा सके। इस अवसर पर श्री दुबे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सेवा, समर्पण और सुशासन की नीति पर कार्य कर रही है। गांव चलो, घर चलो अभियान के माध्यम से हम सीधे जनता के बीच पहुंचकर उनकी अपेक्षाओं को समझ रहे हैं और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि सरकार की हर योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

# तीन दिन में करना होगा हिंदी विषय की 11 हजार कापियों का मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हायर सेकेंडरी स्कूल की दोबारा आयोजित की गई हिंदी विषय की कांपियों का मूल्यांकन कार्य शुरू होगा। जिले के दोनों केन्द्रों में मूल्यांकन के लिए 11 हजार कांपियां भेजी गई हैं। इसके लिए 3 दिन का समय माशिमं के द्वारा जांचने के लिए दिया गया है।

हायर सेकेंडरी स्कूल में हिंदी विषय का प्रश्न पत्र लीक हो जाने के कारण 10 अप्रैल को दोबारा परीक्षा प्रदेश भर में आयोजित की गई थी। इसी कड़ी में जिले के 98 केन्द्रों में परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसमें 9 हजार से अधिक परीक्षार्थी उपस्थित हुए थे। इन कांपियों के मूल्यांकन के लिए बोर्ड के द्वारा 3 दिन का समय दिया गया है। जिले के परीक्षा केन्द्रों में ली गई परीक्षा की कांपियों को माध्यमिक शिक्षा मंडल भेज दिया गया था। वहीं मंडल के द्वारा अन्य जिलों की कांपियों के मूल्यांकन के लिए शहर के दो केन्द्रों साडा कन्या एवं एनसीडीसी स्कूल में भेजा गया है। जिनमें साडा कन्या में 6 हजार 200 कांपियां और एनसीडीसी में 5100 कांपियां मूल्यांकन के लिए भेजी गई हैं। सोमवार से मूल्यांकन कार्य शुरू हो जाएगा। 3 दिन के अंदर 11 हजार कांपियों का मूल्यांकन पूर्ण करना होगा। मूल्यांकन करने के लिए पूर्व की तरह जिन शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी उन शिक्षकों को मूल्यांकन कार्य के लिए दोबारा बुलाया गया है। साडा कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल और एनसीडीसी मूल्यांकन केंद्र में लगभग 4 सौ शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। इसकी सूचना शनिवार और रविवार को शिक्षकों को भेज दी गई है। सोमवार सुबह 9 बजे से मूल्यांकन कार्य शुरु हो जाएगा। इसके लिए दोनों केंद्रों में तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

### आज से शुरू होगा दोनों केन्द्रों में मूल्यांकन कार्य

**खास बातें**

- माध्यमिक शिक्षा मंडल ने जिले के दो केन्द्रों में भेजी कांपियां
- दोनों केंद्रों में 4 सौ शिक्षकों की लगी ड्यूटी



## बांकीमोंगरा थाना से महज 5 सौ मीटर दूर मेन रोड पर हुई घटना

# पंचर दुकान के किनारे रखे पुराने टायर के स्टॉक में लगी भीषण आग



आग से उठता धुंआ।



घटना स्थल पर लगी लोगों की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांकीमोंगरा थाना से महज 5 सौ मीटर दूर मेन रोड पर एक पंचर की दुकान संचालित होती है। जहां पुराने टायरों को स्टाक किनारे में रखा गया था। दोपहर को अचानक पुराने टायर के स्टॉक में आग लग गई और देखते ही देखते आग ने विकराल धारण कर लिया। जब तक आग को काबू करने का प्रयास किया जाता तब तक आग ने चारों तरफ से घेर लिया था। आगजनी की घटना से आसपास क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई थी। आगजनी की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू किया जा सका। इस आगजनी की घटना से पंचर दुकान के संचालक को लाखों का नुकसान होना बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**खास बात**

- 9 से अधिक दमकल की टीम ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

जानकारी के अनुसार बांकीमोंगरा थाना से महज 5सौ मीटर की दूरी पर मेन रोड पर शकील अंसारी द्वारा पंचर दुकान का संचालन किया जाता है और शकील अंसारी ने अपने दुकान के ठीक बगल में पुराने टायरों को स्टॉक कर रखा था। बताया जाता है कि रविवार की दोपहर लगभग 2 बजे पुराने टायर के स्टाक पर अचानक चिंगारी उठी और देखते-देखते चिंगारी ने टायर को अपनी पूरी तरह से जद में ले लिया। टायर में लगी आग इतनी विकराल थी कि वह दूर-दूर तक लपटें उठ रही थी। आगजनी की सूचना पाते ही बांकीमोंगरा थाना में पदस्थ एएसआई श्री टंडन दलबल सहित मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। आगजनी की सूचना पर लगभग 9 से अधिक फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और लगभग 3 घंटे की मशक्कत के बाद शाम लगभग 4:30 बजे आग को काबू किया जा सका। आगजनी की घटना से दुकान संचालक को लाखों का नुकसान हुआ है हालांकि कोई जन धन की हानि नहीं हुई है। पुलिस के मुताबिक आग कैसे और किन परिस्थितियों में लगी है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच कर की जा रही है।

**गर्मी बढ़ते ही बढ़ने लगी आगजनी की घटना**

अप्रैल के महीने में ही पर तेजी से तापमान बढ़ने लगा है पर लगभग अधिकतम तापमान 38 से 40 डिग्री सेल्सियस पहुंचने लगा है जिसकी वजह से गर्मी में आगजनी की घटना सामने आने लगी है। इससे पहले भी जिले में अप्रैल के महीने में कई आगजनी की घटना सामने आ चुकी है। गर्मी इतनी तेज हो रही है कि कई गाड़ियों में भी आगजनी की घटना हो चुकी है। फिलहाल अभी मई और जून का महीना बाकी है ऐसे में तापमान और तेजी से बढ़ेगा। मई और जून के महीने में सबसे ज्यादा आगजनी की घटना सामने आती है। इसलिए ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए आम लोगों को सजग रहने की आवश्यकता है।

# ओवरटेक के चक्कर में भिड़े ट्रेलर और टैंकर, चालक घायल



घटना के बाद लगा जाम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा-अंबिकापुर नेशनल हाईवे 130 पर बीती रात दो वाहनों की भिड़ंत में एक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। ओवरटेक के चक्कर में यह हादसा हुआ। इस घटना के कारण हाइवे पर कुछ घंटे जाम की स्थिति रही। हाइवे पेट्रोलिंग और स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंच जरूरी कोशिश की और आवागमन को बहाल कराया। रात्रि 11 बजे के आसपास यह घटना हुई। कोरबा जिला मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर दूर लालघाट में एनएच पर यह दुर्घटना हुई। इसे लेकर अलग-अलग दावे किए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार एक बाइक को बचाने के दौरान ट्रेलर अनियंत्रित हो गया और सामने से आ रहे टैंकर से उसकी भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद दोनों चालकों ने एक-दूसरे पर लापरवाही का आरोप लगाया है। ट्रेलर चालक का कहना है कि टैंकर चालक ओवरटेक कर रहा था, जिससे यह दुर्घटना हुई। इस दुर्घटना के चलते नेशनल हाईवे पर लंबा जाम लग गया, जिससे आवागमन बुरी तरह प्रभावित हुआ। पुलिस ने इस मामले में मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं में अपराध दर्ज किया है। लापरवाही बरतने के कारण इस तरह की स्थिति उत्पन्न हुई।

### प्रांतीय गोर्खाली समाज की प्रांतीय महासभा का हुआ आयोजन



**कोरबा।** पं.मुकुटधर पाण्डेय साहित्य भवन समिति में प्रांतीय गोर्खाली समाज छग का चौथा साधारण सभा का आयोजन किया गया। पशुपति नाथ नेपाली सेवा समिति के अध्यक्ष कृष्ण बहादुर क्षेत्री के मुख्य अतिथि का संस्थापक व पूर्व अध्यक्ष कृष्ण बहादुर गौतम के द्वारा मुख्य आतिथ्य में आयोजन किया गया। कोषाध्यक्ष उदय बहादुर सुब्बा के द्वारा समाज के आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। अध्यक्ष श्रीमती शकुन गुरुंग और केन्द्रीय सचिव श्रीमती ललिता सिंह के द्वारा आगामी कार्ययोजना की जानकारी दी। बच्चों व महिलाओं का खेलकूद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर असीम थापा, जगन लाल, नरेन्द्र गुरुंग, श्रीमती शकुन गुरुंग, सन्तोष बहादुर सोनी, श्रीमती ललिता सिंह, उदय बहादुर सुब्बा, श्रीमती दुर्गा सिंह, कमान सिंह कठायत, श्रीमती माया थापा, श्रीमती शशि थामी, श्रीमती कलावती देवी, सीबी थामी, श्रीमती मीना पुरी, श्रीमती माया थापा, श्रीमती भारती गुरुंग, बजरंग बहादुर सोनी, शंकर पुरी, राज बहादुर सुब्बा, नारायण श्रेष्ठ उपस्थित रहे। संचालन श्रीमती मीना पुरी और आभार श्रीमती माया थापा ने किया।

# स्थानीय एवं अनुभवी वाहन चालकों को रोजगार में मिले प्राथमिकता : जयसिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पूर्व राजस्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन जयसिंह अग्रवाल ने जिले के एसईसीएल अंतर्गत संचालित विभिन्न खदान क्षेत्रों कुसमुंडा, गेवरा, मानिकपुर, दीपका आदि में स्थानीय एवं अनुभवी ड्राइवरों को रोजगार में प्राथमिकता प्रदान किए जाने हेतु साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक को पत्र प्रेषित किया है।

**खास बात**

- पूर्व राजस्व मंत्री ने एसईसीएल सीएमडी को लिखा पत्र

अपने पत्र में श्री अग्रवाल ने उल्लेख किया है कि वर्तमान में जिले के विभिन्न खदान क्षेत्रों में कई निजी कंपनियों द्वारा खनन कार्य प्रारंभ किया जा चुका है तथा आने वाले समय में और भी कंपनियों के कार्य प्रारंभ होने की संभावना है। ऐसे में स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक हो जाता है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ, जिला कोरबा द्वारा प्रस्तुत आवेदन के अनुसार लगभग 500 स्थानीय एवं अनुभवी वाहन चालक रोजगार की अपेक्षा में हैं। ये सभी चालक वर्षों से खनन कार्य से जुड़े रहे हैं तथा क्षेत्रीय परिस्थितियों एवं कार्य प्रणाली का पर्याप्त अनुभव रखते हैं। श्री अग्रवाल ने सीएमडी एसईसीएल से आग्रह किया है कि खनन कार्य में संलग्न नई एवं वर्तमान कंपनियों द्वारा ड्राइवरों की नियुक्ति के दौरान स्थानीय एवं अनुभवी ड्राइवरों को प्राथमिकता देने हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं। साथ ही, एसईसीएल के अंतर्गत जिले के समस्त खदान क्षेत्रों के महाप्रबंधकों को भी इस संबंध में निर्देशित करने का अनुरोध किया गया है ताकि स्थानीय ड्राइवरों को समुचित अवसर मिल सके। उन्होंने यह भी आग्रह किया है कि नए ड्राइवरों की नियुक्ति के साथ-साथ पूर्व से कार्यरत एवं अनुभवी ड्राइवरों को विभिन्न कंपनियों में समायोजित करने की सकारात्मक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे उनके परिवारों की आजीविका सुचारू रूप से चल सके। पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने आशा व्यक्त की है कि एसईसीएल प्रबंधन इस विषय पर संवेदनशीलता के साथ विचार करते हुए शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करेगा, जिससे स्थानीय युवाओं एवं वाहन चालकों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे और क्षेत्र में आर्थिक सशक्तिकरण को बल मिलेगा।



रोजगार के लिए पूर्व राजस्व मंत्री से मिलते एसईसीएल भूविस्थापित।

### गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज हुआ सीएमए का नाम

**कोरबा।** सीएमए-छत्तीसगढ़ मार्शल आर्ट एवं किकबॉक्सिंग एकेडमी ने अपना नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज करा लिया है। यह उपलब्धि एकेडमी के खिलाडियों द्वारा स्थापना वर्ष 2018 से फरवरी 2026 तक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिताओं में सर्वाधिक पदक जीतने के आधार पर प्राप्त हुई है। एसोसिएशन एवं सीएमए किकबॉक्सिंग एकेडमी के संस्थापक तारकेश मिश्रा ने बताया कि प्रदेश एवं जिले में किकबॉक्सिंग खेल 2006 से संचालित है। किकबॉक्सिंग खेल एवं खिलाडियों के बेहतर प्रशिक्षण हेतु एकेडमी की स्थापना वर्ष 2018 में की गई थी। यहां से प्रशिक्षित खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ ही, आयरलैंड, रूस, साउथ कोरिया, टर्की, इटली, नेपाल जैसे देशों में भारतीय किकबॉक्सिंग टीम का हिस्सा रहे हैं। यहां प्रशिक्षित खिलाडियों ने राज्य शासन द्वारा खेल पुरस्कार अलंकरण शहीद कौशल यादव, खेल अंकुर,खेल गौरव, खेल शिखर पुरस्कार प्राप्त किया है।

**जॉंजगीर मार्केट**

**सेन्ट्रीग सामान का थोक भंडार**

आपके शहर जांजगीर में सिंघानिया लकड़ी लघु उद्योग मे बल्ली, राप्टर, कढी, बत्ता, वेडी, सेन्टीग प्लेट, सेन्टीग प्लाई बांस, चौखट, खिड़की दरवाजे थोक एवं चिल्हर कम दर पर प्राप्त करे बबूल,सागौन, सराई, खम्हार एवं अन्य इमारती लकड़ी मिलने का एक मात्र स्थान

नोट - जलाऊ लकड़ी एवं जलाऊ गुटका थोक एव चिल्हर मे प्राप्त करे
विशेष - अग्निशामक यंत्र (फायर सेफ्टी) मिलने का एक मात्र स्थान

सिंघनिया लकड़ी लघु उद्योग
नेती जी चौक लिंक रोड जांजगीर बैंक आफ बडोदा के बाजू मे
प्रो. शंकर सिंघानिया मो-93023 62173

**शपथ पत्र**

मैं रमेश आदित्य उम्र 41 वर्ष पिता भूषण प्रसाद आदित्य जाति कहरा, निवासी चांपा, तहसील चांपा, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) का निवासी हूँ जो कि निम्न कथन शपथ पूर्वक करता हूँ कि- 1. यह कि मैं उपरोक्त पते का मूल निवासी हूँ। 2. यह कि मेरे नाम पर जारी भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड नं. 2302 9424 9892 में मेरा नाम रमेश आदित्य पिता भूषण प्रसाद आदित्य (Ramesh Aditya S/o. Bhushan Prasad Aditya) दर्ज है। जो कि सत्य एवं सही है एवं अन्य दस्ताजेव पेन कार्ड व बैंक पासबुक में भी दर्ज है। 3. यह कि मैंने भारतीय जीवन बीमा निगम में पालिसी क्र. 358407013 लिया हूँ जिस पर मेरा नाम रेवती रमन पिता भूषण प्रसाद दर्ज हो गया है, जो कि त्रुटिपूर्ण दर्ज है। पूर्व में मेरा नाम छत्तीसगढ़ राज्य शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा जारी प्रमाण पत्र में रेवती रमन आदित्य पिता भूषण प्रसाद आदित्य दर्ज है। चूंकि मैं अपना नाम परिवर्तन कराकर रमेश आदित्य भूषण प्रसाद आदित्य करवा लिया हूँ। 4. यह कि रमेश आदित्य पिता भूषण प्रसाद आदित्य (Ramesh Aditya S/o. Bhushan Prasad Aditya) एवं रेवती रमन पिता भूषण प्रसाद एवं रेवती रमन आदित्य पिता भूषण प्रसाद आदित्य तीनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरा ही नाम है। तीनों नामों को एक ही व्यक्ति से जाना व पहचाना जाता है व मैं अपने भारतीय जीवन बीमा निगम पालिसी क्र. 358407013 में दर्ज नाम रेवती रमन पिता भूषण प्रसाद को बदलवाकर आधार कार्ड के अनुसार रमेश आदित्य पिता भूषण प्रसाद आदित्य (Ramesh Aditya S/o. Bhushan Prasad Aditya) दर्ज कराने के समर्थन में संबंधित विभाग में प्रस्तुत कर रहा हूँ।

शपथकर्ता- रमेश आदित्य

**सत्यापन**

मैं रमेश आदित्य उम्र 41 वर्ष पिता भूषण प्रसाद आदित्य यह सत्यापित करता हूँ कि इस शपथ पत्र में कंडिका 01 से 04 तक की बाते लिखा कथन सत्य एवं सही है जिसे पढ़कर समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित कर दी हूँ।

सत्यापनकर्ता- रमेश आदित्य

**नोट: जिस किसी व्यक्ति को इस सूचना से आपत्ति हो वे 21 दिन के अंदर अपना आपत्ति पेश कर सकते हैं।**

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक पहल : सरोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पांडेय ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 को देश के लोकतांत्रिक इतिहास का क्रांतिकारी मोड़ बताते हुए कहा कि अब मातृशक्ति के भाग्य और भविष्य को नई दिशा देने का निर्णायक समय आ गया है।

उक्त बातें सुश्री सरोज पांडेय ने होटल गणेश इन में आयोजित एक प्रभावशाली पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि वर्षों तक महिलाओं को केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया गया लेकिन उन्हें वास्तविक अधिकार देने का साहस किसी भी सरकार ने नहीं दिखाया। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह ऐतिहासिक कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में संभव हो पाया है, जिन्होंने महिलाओं को नीति-निर्माण में समान भागीदारी दिलाने का मार्ग प्रशस्त किया है। सरोज पाण्डेय ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 केवल एक कानून नहीं बल्कि देश की आधी आबादी को सशक्त बनाने का सशक्त माध्यम है, जो आने वाले समय में राजनीति और समाज दोनों में बड़ा परिवर्तन लाएगा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मीना शर्मा तथा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष प्रीति स्वर्णकार की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस पत्रकार वार्ता में स्पष्ट संदेश दिया गया कि अब देश की मातृशक्ति केवल दर्शक नहीं, बल्कि निर्णय लेने वाली शक्ति बनेगी। सरोज पांडेय ने यह भी कहा कि इससे पहले सरकार ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान चलाकर समाज में जागरूकता बढ़ाने का काम किया। एक समय था जब बेटियों के जन्म पर उन्हें मार दिया जाता था, जिससे लिंगानुपात में भारी गिरावट आई थी लेकिन इन अभियानों के कारण आज स्थिति में सुधार देखने को मिल रहा है और महिलाओं की भागीदारी समाज में बढ़ी है। अंत में सरोज पांडेय ने इस ऐतिहासिक पहल के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कदम देश में महिला सशक्तिकरण को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।



प्रेसवार्ता को संबोधित करतीं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पांडेय।

### हड़ताली सब स्टेशन कर्मियों के खाते में जमा हुई ईपीएफ की राशि

**कोरबा।** जिले के सब स्टेशन में काम करने वाले ठेका श्रमिक पिछले 12 दिनों से हड़ताल पर थे। रविवार को हड़ताली सब स्टेशन कर्मियों के ईपीएफ की राशि आखिरकार विभाग ने उनके खाते में जमा कर दी है। जिसके बाद सभी ठेकर श्रमिक रविवार की रात से ही सभी सब स्टेशन कर्मियों ने हड़ताल तोड़ते हुए अपने-अपने कार्य स्थल पर काम शुरू कर दिया है। जिससे निश्चित तौर पर विद्युत विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने राहत की सांस ली है। उल्लेखनीय है कि 1 अप्रैल से जिले के 55 से अधिक सब स्टेशन में काम करने वाले ठेका श्रमिक अपनी ईपीएफ की राशि की मांग करते हुए हड़ताल पर चले गए थे। श्रमिकों के हड़ताल में चले जाने से विद्युत वितरण विभाग के नियमित कर्मचारी लगातार 12-12 घंटे की ड्यूटी कर रहे थे। इसके अलावा लाइन मेंटेनेंस का काम भी पूरी तरह से प्रभावित हो रहा था। विगत दिनों विद्युत विभाग के अफसर मामले को संज्ञान में लिया था और कर्मचारियों की ईपीएफ की राशि को जल्द से जल्द उनके खाते में जमा करने का फरमान जारी किया था।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN

छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित

सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666

समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
- हड्डी एवं जोडों का दर्द
- नसों का रोग
- त्वचा एवं बालों का रोग
- स्त्री रोग
- मानसिक रोग
- मूत्र संबंधी रोग
- मधुमेह (डायबिटीज़)
- नेत्र रोग
- किडनी संबंधी रोग
- पेट संबंधी विकार
- थायराइड
- अस्थमा
- मोटापा
- मांसपेशी का रोग
- मल द्वार रोग विशेषज्ञ

प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप


### श्री कृष्ण गौशाला में गौ अनुसंधान केंद्र स्थापित करने की मांग



**चांपा।** गौ माता की संवर्धन, संरक्षण, गौ अनुसंधान प्रशिक्षण एवं चिकित्सा हेतु श्री कृष्ण गोशाला चांपा परिसर में गो अनुसंधान केंद्र स्थापित करने की मांग को लेकर भाजपा नेता एवं पूर्व राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि अखिलेश कोमल पांडेय ने 12 अप्रैल को बिलासपुर प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य गो सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल से सौजन्य भेंट कर ज्ञापन दिया। ज्ञात हो कि पूर्व राज्य सभा सांसद एवं अनुसूचित जनजाति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. नंदकुमार साय की सांसद निधि से दस लाख रुपए की लागत से श्री कृष्ण गौशाला चांपा में नवीन गौशाला भवन का निर्माण हुआ था। साथ ही कार्यक्रम की भूमिपूजन के अवसर पर तत्कालीन एवं वर्तमान गौ सेवा आयोग अध्यक्ष के रूप में विशेषर पटेल के समक्ष श्री कृष्ण गौशाला चांपा में गौ अनुसंधान केंद्र की स्वीकृति हेतु उनसे विस्तृत चर्चा की गई थी। इसी तारतम्य में गौ अनुसंधान केंद्र के बहुप्रतीक्षित मांग को पुनः प्रस्तुत किया गया। गौ अनुसंधान केंद्र में गौ पालन संरक्षण,नस्ल सुधार,संवर्धन के गौ माता के गोबर और गोमूत्र पर आधारित उत्पादों से प्राप्त होने वाली पंचगव्य का परिशोधन कर विस्तृत अनुसंधान के माध्यम से पंचगव्य से निर्मित औषधियों के निर्माण के साथ ही अन्य क्षेत्रों में भी पंचगव्य की महत्ता को स्थापित करने एवं प्रशिक्षण के माध्यम से गौ पालन में जन - जन की सहभागिता बनाने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर आदर्श पांडेय भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री, विनय बघेल उपस्थित थे।

### श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में सवामणी प्रसाद का वितरण आज

**जांजगीर-चांपा।** वामन द्वादशी के अवसर पर मंगलवार 14 अप्रैल को श्री दक्षिण मुखी हनुमान



मंदिर रेस्टहाउस के सामने जांजगीर में हनुमान जी को सवामणी पुड़ी सब्जी अर्पण कर दोपहर 12 बजे से प्रसाद वितरण किया जाएगा। समस्त भक्तजन हनुमान जी का प्रसाद अवस्य ग्रहण करे। वहीं सायंकाल 6:30 हनुमान जी का सिंदुराभिषेक, 7 बजे महाआरती एवं रात्रि 8 बजे से सामुहिक सुन्दरकाण्ड का पाठ किया जाएगा। श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के पुजारी पं किरण कुमार मिश्रा ने बताया कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव पर यहां कलेक्टर के द्वारा संकट निवारण मनोकामना दीप रात्रि 8 बजे प्रज्वलित किया गया। यहां 540 ज्योति जलाई गई थी, जिसका प्रसाद वितरण 7 अप्रैल से प्रारंभ हो चुका है। भक्तजन अपने दीप दान का प्रसाद 30 अप्रैल तक प्राप्त कर लेवें। उन्होंने मंगलवार को प्रसाद ग्रहण करने के साथ सामूहिक सुदंरकांड पाठ में सभी से उपस्थित होने की अपील की है।

### स्वरोजगार को बढ़ावा देने एवं ग्रामीण उद्यमिता को सशक्त बनाने प्रशिक्षण आयोजित




**जांजगीर-चांपा।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी रैंप योजना के तहत सीएसआईडीसी रायपुर के बैनर तले एवं एनआईएमएसएमई के सहयोग से सेक्टर स्पेसिफिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस आधारित फूड प्रोसेसिंग पर विशेष प्रशिक्षण का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र जांजगीर-चांपा में 9, 10 एवं 11 अप्रैल को सफलतापूर्वक किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार को बढ़ावा देने एवं ग्रामीण उद्यमिता को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। कार्यक्रम में कुल 35 प्रतिभागियों ने पंजीयन कर उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को महुआ, आम, इमली, जामुन, आंवला, हर्रा, बहेरा जैसे माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस के वैल्यू एडिशन एवं फूड प्रोसेसिंग से संबंधित व्यावहारिक एवं तकनीकी जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण में कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. के. डी. महंत द्वारा उन्नत प्रोसेसिंग तकनीकों एवं नवीन उत्पाद निर्माण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही स्थानीय वन उत्पादों के अधिकतम उपयोग एवं उनके मूल्य संवर्धन पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षक आनंद शर्मा, शशिकांत सूर्यवंशी एवं डॉ. आशीष प्रधान द्वारा प्रतिभागियों को विभिन्न उत्पाद निर्माण, आधुनिक तकनीकों, मार्केटिंग रणनीतियों, ब्रांडिंग, गुणवत्ता नियंत्रण एवं सर्टिफिकेशन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

## निधन

### चौकी लाल पटेल

**बिर्रा।** ग्राम पंचायत बिर्रा के दीवान मोहल्ला निवासी प्रतिष्ठित नागरिक चौकीलाल पटेल का सोमवार 13



अप्रैल को आकस्मिक निधन हो गया। वे 57 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार बाजार चौक में स्थित मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र गोपाल कृष्ण पटेल ने दी। वे पूर्व जनपद सदस्य सौंखीलाल पटेल के मंझला भाई थे। अंतिम यात्रा में परिजन के अलावा स्वजातीय बंधु एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

---

पानी से आ रही दुर्गंध, संक्रामक बीमारियों का सता रहा डर

# जलकुंभी से अटा रामबांधा तालाब डुबकी लगाने की भी नहीं बची जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

नगर का ऐतिहासिक रामबांधा तालाब दुर्दशा का शिकार हो चला है। बदहाली का आलम यह है कि तालाब पूरी तरह से जलकुंभी से अटा पड़ा है। तालाब में डूबकी लगाने के लिए भी जगह नहीं बची है। जमा कचरे के कारण पानी से दुर्गंध आने लगी है, जिससे चर्मरोग व अन्य संक्रमण फैलने का डर सता रहा है।

नगर का विशालकाय तालाब जो कभी लगभग 97 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ था, वह समय के साथ बदहाल होता जा रहा है। वर्तमान में तालाब का क्षेत्र सिमटकर आधा रह गया है। आज भी नगर की बहुत बड़ी आबादी का नहाना धोना इस तालाब से होता है, जिस पर तेजी से जलकुंभी के फैलने के कारण तालाब अब निस्तारी लायक जगह नहीं बची है। नगर वासी रोजाना जलकुंभी को निकालकर नहाने को मजबूर हैं। लोगों का कहना है कि जलकुंभी व जमा कचरे के कारण पानी से दुर्गंध आने लगी है, जिससे चर्मरोग व अन्य संक्रमण फैलने का डर सता रहा है। देखरेख व साफ-सफाई पर ध्यान नहीं देने से रामबांधा तालाब का बुरा हाल है। पूरे तालाब में जलकुंभी छा गया है। लोगों को निस्तारी के लिए खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नगर में ऐसे तो अनेक तालाब, जो अपनी



जलकुंभी से अटा पड़ा रामबांधा तालाब।



बदहाली व शासन की उपेक्षा पर आंसू बहा रहा है, जिसमें राम बांधा तालाब भी शामिल हैं। नगर की बहुत बड़ी आबादी का निस्तारी इसी तालाब से होता है। पूरे तालाब को जलकुंभी ने अपनी चादर से ढक लिया है। तालाब को देखने से हरी भरी मैदान नजर आ रहा है। आमजनों को निस्तारी की समस्या उत्पन्न हो गया है। तालाब में डुबकी लगाने की भी जगह नहीं बची है। जनता तालाब की साफ-सफाई कराने जनप्रतिनिधियों व प्रशासन से गुहार लगाते लगाते थक गए हैं पर सुध लेने वाले कोई नहीं है। इस सबंध में नगरवासियों ने कई बार संबंधित विभाग और स्थानीय प्रशासन को गुहार लगाई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। सफाई के नाम पर केवल आश्वासन मिलते रहे हैं, जबकि धरातल पर जलकुंभी का साम्राज्य बढ़ता ही जा रहा है। रखरखाव के अभाव में तालाब का अस्तित्व खतरे में है और यह धीरे-धीरे डंपिंग यार्ड में तब्दील होता जा रहा हैं।



तालाब गहरीकरण कार्य में लगे मजदूर।

## काम करने के दो माह बाद भी मनरेगा मजदूरों को नहीं हुआ भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तनौद

ग्राम पंचायत खोरसी में तालाब गहरीकरण में कार्य करने वाले मजदूरों को दो माह बाद भी मजदूरी भुगतान नहीं हो पाया है। ऐसे में उन्हें आर्थिक एवं मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने शीघ्र मजदूरी भुगतान की मांग की है।

**खास बात**

- पामगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत खोरसी का मामला

जिला के जनपद पंचायत पामगढ़ के अंतर्गत आने वाले आदर्श ग्राम पंचायत खोरसी में भारत सरकार के महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा के तहत शीत बाबा तालाब का गहरी करण कार्य 8 फरवरी को प्रारंभ हुआ। 28 फरवरी को काम समाप्त हुआ। इस प्रकार आज दो माह होने के बाद भी मनरेगा मजदूरों को मजदूरी भुगतान नहीं होना समझ से परे है। वर्तमान समय शादी विवाह का है जिसके कारण मजदूरों को आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसके पूर्व के पंचायत में कार्य कराए गए कार्यों की मजदूरी की भूगतान सप्ताह के अंदर कर दिया जाता था, जिसके कारण मजदूरों की चेहरे पर खुशी की लहर थी, लेकिन वर्तमान समय में गहरी करण कार्य को दो माह होने को है आज तक मनरेगा मजदूरों की मजदूरी भुगतान नहीं होने के कारण मजदूरों द्वारा जिलाधीश जिला एवं जिला मनरेगा अधिकारी जिला का ध्यान आकर्षित कराया है कि मनरेगा मजदूरों की मजदूरी भुगतान हेतु आवश्यक कार्यवाही करने संबंधितों को निर्देशित करें ताकि उनके खाते में मजदूरी की राशि जमा हो सके और मजदूरों को आर्थिक समस्याओं का सामना करना न पड़े।

## मुलमुला मण्डल के कार्यकर्ताओं ने घर घर जाकर चलाया अभियान

**मुलमुला।** भारतीय जनता पार्टी मण्डल मुलमुला में "गांव चलो अभियान" के तहत कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक रैली निकाली। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पूरे क्षेत्र में घूमकर सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया और लोगों को जागरूक किया। रैली के दौरान




युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर लाभार्थियों से संपर्क किया और केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। भाजपा मण्डल अध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप यादव ने कहा कि गांव चलो अभियान भारतीय जनता पार्टी का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता गांवों में जाकर लाभार्थियों से संपर्क करें, उनकी समस्याओं को सुने और उनके समाधान के लिए प्रयास करे। युवा मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष धीरेंद्र महिलांगे ने कहा कि "गांव चलो अभियान" का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रह जाए। अभियान के माध्यम से संगठन को और मजबूत बनाने पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम में सोशल मीडिया प्रभारी विवेक जोगी, नंदकिशोर सिंह, भोले शंकर थवाईत, मोहन कश्यप, भोला यादव, लक्ष्मी कश्यप, चंद्रभान रात्रे, गुनाराम टण्डन, प्रताप टण्डन, संजू टण्डन, सदाराम टण्डन, अनिल टण्डन आदि उपस्थित थे।

## नील हरित काई से बढ़ती है मिट्टी की उर्वरता क्षमता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

मृदा स्वास्थ्य में सुधार और कृषि उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक टिकाऊ एवं लागत प्रभावी कृषि पद्धति के रूप में हरी खाद के महत्व को रेखांकित करते हुए आज जिले में

- नील हरित काई एवं हरी खाद को बढ़ावा देने जैव संसाधन केन्द्र में प्रशिक्षण आयोजित

स्थापित बीआरसी (जैव संसाधन केन्द्र) में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य किसानों के बीच हरी खाद के उपयोग को बढ़ावा देना रहा।

प्रशिक्षण अनुविभागीय कृषि अधिकारी एवं सहायक मिट्टी परीक्षण अधिकारी, सक्ती द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि नील हरित काई को वैज्ञानिक रूप से सायनोबैक्टीरिया कहा जाता है। यह प्रकाशसंश्लेषी जीव होते हैं, जो



हरित खाद को बढ़ावा देने जानकारी देते अधिकारी।

वायुमंडलीय नाइट्रोजन को स्थिर करने की क्षमता रखते हैं, जिससे मिट्टी की उर्वरता में वृद्धि होती है। इसके उपयोग से रासायनिक उर्वरकों जैसे यूरिया एवं डीएपी की आवश्यकता में कमी आती है, जिससे खेती की लागत घटती है और पर्यावरणीय संतुलन भी बना रहता है। नील हरित काई के उत्पादन के लिए आवश्यक अधोसंरचना 2×1 वर्ग मीटर के आकार की होती है, जिसमें कन्हार मिट्टी 10 किलोग्राम प्रति वर्ग मीटर का उपयोग किया जाता है। इसके साथ सिंगल सुपर फास्फेट 200 ग्राम प्रति वर्ग मीटर, बुआई हेतु बीज 100 ग्राम प्रति वर्ग मीटर तथा नील हरित काई का मातृ कल्चर 100 ग्राम प्रति वर्ग मीटर निर्धारित मात्रा में उपयोग किया जाता है, जिससे गुणवत्तापूर्ण उत्पादन प्राप्त होता है। हरी खाद के उपयोग से मृदा संरचना में सुधार होता है, जल धारण क्षमता बढ़ती है, मृदा अपरदन में कमी आती है तथा खरपतवार एवं कीटों के नियंत्रण में भी सहायता मिलती है। इसके परिणामस्वरूप रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता घटती है।

## नवोदय में सेजेस हसौद के तीन छात्रों का चयन

**हसौद।** हसौद क्षेत्र के तीन मेधावी विद्यार्थियों ने नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026-27 में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। चयनित विद्यार्थियों में दीक्षा पथिक, अखिल कश्यप एवं प्रिया



साहू शामिल हैं। इन सभी विद्यार्थियों ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है, जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। गुड़रुकला निवासी विमल पथिक एवं सावित्री की पुत्री दीक्षा पथिक ने 92.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। वहीं केथा के रामशरण कश्यप एवं रामाशीला कश्यप के पुत्र अखिल कश्यप ने 97.5 प्रतिशत अंकों के साथ शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इसी क्रम में पेंड्री निवासी अजय कुमार साहू एवं गायत्री बाई साहू की पुत्री प्रिया साहू ने 93.75 प्रतिशत अंक अर्जित कर नवोदय विद्यालय में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। प्राचार्य अरुण कुमार जायसवाल ने तीनों विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे विद्यालय और क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि निरंतर मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

## मानस गायन में दादरखुर्द मंडली को मिला प्रथम पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

ग्राम बहेराडीह उर्फ भदरीपाली में आयोजित अखंड नवधा रामायण का हवन और सहस्त्रधारा के साथ भक्तिमय वातावरण में सम्पन्न हुआ इस बीच मानस गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**खास बात**

- बहेराडीह में आयोजित नवधा रामायण का हवन, सहस्त्रधारा के साथ हुआ समापन

नवधा में अंचल के मानस मण्डली और कथा वाचकों के द्वारा रामायण के बालकाण्ड, अयोध्या काण्ड, आरंण्ड्य काण्ड, किष्कीधा काण्ड, सुन्दर काण्ड लंका काण्ड और उत्तर काण्ड आदि आठ काण्ड का कथा वर्णन किया जा रहा और आज रविवार 12 अप्रैल को रात्रि 9 बजे मानस गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार मानस मण्डली दादरखुर्द को नगद 10 हजार रूपये और शील्ड के साथ सम्मानित किया गया। ठीक इसी तरह प्रतियोगिता में दूसरा पुरस्कार 9000 रूपये श्रीराम मानस मण्डली कांशीगढ़, तीसरा पुरस्कार 7000 रूपये विकास कश्यप कटनई, चौथा पुरस्कार 5000 रूपये संगम मानस मण्डली



विजेता मानस मंडली को पुरस्कृत करते अतिथि।

लखाली, पांचवा पुरस्कार 4000 रूपये रामाधार यादव भालूडेरा, छठवा पुरस्कार 3000 रूपये शनि मानस मण्डली कनई, सातवा पुरस्कार 2000 रूपये राजेश सिदार बरपाली कला, आठवा पुरस्कार 1000 रूपये रुपनारायण साहू सुखरीकला एवं करिश्मा मानस मण्डली को सांत्वना पुरस्कार गाँव के सरपंच श्रीमती चन्द्रकला सरवन कश्यप, आचार्य पंडित मार्कण्डेय पाठक, पंडित अर्जुन बैष्णव और अखंड नवधा रामायण समिति के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों ने मिलकर प्रदान किया।

## सक्षम महिला आयाम वार्षिक कार्यक्रम में दिव्यांग महिलाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

सिमरिया रायपुर स्थित संतोष अग्रवाल ग्रोथ एकेडमी कोपल वाणी श्रवण बाधित स्कूल में सक्षम छत्तीसगढ़ प्रांत महिला आयाम का वार्षिक कार्यक्रम महिला सम्मान समारोह आयोजित हुआ। 11 अप्रैल को आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के 17 जिलों से आए हुए सक्षम महिला आयाम की 101 दिव्यांग एवं सामान्य महिलाओं का मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी श्रीमति कौशल्या साय थी। अध्यक्षता डॉक्टर सुरेंद्र शुक्ला, विशिष्ट अतिथि श्रीमती शताब्दी पाण्डेय, सक्षम के प्रांतीय संगठन महामंत्री राम जी राजवाड़े, कोषाध्यक्ष जैनेन्द्र जैन, प्रांतीय सचिव अनूप पांडेय, सह सचिव श्रीमति अंजलि चावड़ा, शरद चंद्रा,दिव्यांग सेवा केन्द्र प्रमुख सतीश राजवाड़े रहे। सक्षम जिला कला आयाम सह प्रमुख डॉक्टर लक्ष्मी करियारे एवं सूरज श्रीवास द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी की वंदना अरपा पैरी के धार की प्रस्तुति दी गई। सक्षम जिला जांजगीर चांपा से महिला आयाम के सदस्यों महिला



आयाम प्रमुख सुश्री कमला सोनी, सहप्रमुख श्रीमति ज्योति सराफ,क्रीड़ा आयाम प्रमुख सुश्री कृष्णा यादव,कला आयाम प्रमुख सुश्री छाया डडसेना,सह प्रमुख डॉक्टर लक्ष्मी करियारे,दिव्यांग सेवा केन्द्र प्रभारी श्रीमति प्रीति सराफ, सुश्री रोशनी सराफ का मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मान किया गया। सक्षम जिला अध्यक्ष सुश्री अनुराधा राठौर, उपाध्यक्ष डॉक्टर कमल किशोर कौशिक, सचिव डॉक्टर संतोष सोनी,डॉक्टर आशीष जायसवाल, डॉक्टर विजय चंद्रा सहित सभी कार्यकारिणी सदस्यों का भी सम्मान हुआ।

## रीजन कांफ्रेस में लायंस क्लब को मिले सर्वाधिक अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

लायंस क्लब इंटरनेशनल की रीजन-2 रीजन कान्फ्रेस ''संगम'' का आयोजन कोरबा में 12 अप्रैल को किया गया। जिसमें रीजन के सभी क्लब सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पीएमजेएफ लायन जयप्रकाश अग्रवाल

- लायंस क्लब चांपा को स्थाई सेवा गतिविधि के रूप में लायंस स्कूल के संचालन के लिए भी किया गया पुरस्कृत

(पीएमसीसी) उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रुप में एमजेएफ लायन राजेन्द्र तिवारी (पीएमसीसी एवं पीडीजी), लायन डॉ. विजय अग्रवाल (पीडीजी) उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम में लायंस क्लब चांपा को अनेक अवार्ड से सम्मानित किया गया, जिसमें प्रमुख रूप से लायंस क्लब चांपा को बेस्ट स्क्रेब बुक, बेस्ट फोटो




कार्यक्रम में उपस्थित लायंस क्लब के पदाधिकारी।

एलबम, बेस्ट बेनर प्रेजेन्टेशन एवं सर्वाधिक उपस्थिति अवार्ड से सम्मानित किया गया। लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी ने उक्त अवार्ड प्राप्त करते हुए कहा कि यह लायंस क्लब चांपा के लिए गौरव का विषय है। लायंस क्लब चांपा को स्थाई सेवागतिविधि के रूप में लायंस स्कूल के संचालन के लिए भी पुरस्कृत किया गया। लायन बजरंग अग्रवाल को डिस्ट्रिक्ट चेयर पर्सन ट्री अवार्ड, लायन राजेश अग्रवाल को उत्तम सचिव अवार्ड, लायन संतोष कुमार सोनी को डिस्ट्रिक्ट चेयर पर्सन आई केयर को उनके डिस्ट्रिक्ट में दिए गए योगदान के लिए स्मृति चिन्ह एवं लायन वासुदेव चंद देवांगन को बेस्ट कोषाध्यक्ष अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस प्रकार लायंस क्लब चांपा को कुल 8 अवार्ड प्राप्त हुए। उक्त सम्मान के लिए लायन डॉ. व्ही. के. अग्रवाल (पीडीजी) ने लायंस क्लब चांपा को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। उक्त कार्यक्रम में अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी एवं सचिव लायन राजेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लायन वासुदेव चंद देवांगन, लायन बजरंग अग्रवाल, लायन विनोद अग्रवाल उपस्थित थे। लायंस क्लब के सचिव लायन राजेश अग्रवाल ने सभी लायन साथियों का आभार व्यक्त किया एवं क्लब के सेवागतिविधियों में सक्रिय सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

